दिनांक : 9.6.18

एसोसियेशन फॉर द ब्लाइंड के 35 सदस्यों ने ब्रह्माकुमारीज़ परिसर का अवलोकन कर यहाँ के आध्यात्मिक वातावरण का लाभ लिया। उनका एक दिवसीय कार्यक्रम मनमोहिनी कॉम्प्लेक्स के ऑडिटोरियम हॉल में रखा गया था। सभी आये हुए सदस्यों को दृष्टि बाधित भाई-बहनों के लिए बनाई गई आध्यात्मिक प्रदर्शनी मॉडल को स्पर्श करके बताये गये ज्ञान का श्रवण किया और ज्ञान की गुह्यता का विशेष अनुभव किया। अन्त में सभी सदस्यों को ब्रह्माकुमारी शीतल बहन, राजकोट (गुजरात) ने योगाभ्यास कराया। एसोसियेशन फॉर द ब्लाइंड, बड़ौदा के सेक्रेटरी भ्राता के.आई.गिरी ने अपने अनुभव में बताया कि इस आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के द्वारा हमारे जीवन में जो मानसिक कठिनाईयाँ आती हैं, वह इसके अभ्यास से दूर हो सकती हैं। हम सभी इस ईश्वरीय ज्ञान और योग का और अधिक-से-अधिक अभ्यास कर अपनी कठिनाईयों और परेशानियों को कम करने का प्रयास अवश्य करेंगे।

ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय की तरफ से दृष्टि बाधित भाई-बहनों की उन्नति हेतु ब्रेल लिपि में छपाये गये राजयोग साप्ताहिक कोर्स की किताब दिव्यांग सेवा विभाग के संयोजक ब्रह्माकुमार सूर्यमणि ने सेक्रेटरी भ्राता के.आई.गिरी को प्रदान किया तथा अन्य सभी सदस्यों को ईश्वरीय महावाक्य के वरदान ब्रेल लिपि भाषा में प्रदान किया। सभी सदस्यों ने संस्था का आभार प्रगट किया।